# संवाद

अंक 01 : जनवरी 2023 से मार्च 2023

**त्रैमासिक पत्र**

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार






## हिन्दी कार्यशाला : तनाव प्रबंधन

संस्थान परिसर में दिनांक 21 फरवरी 2023 को संस्थान के अधिकारीगणों एवं कर्मचारीगणों के लिये हिन्दी कार्यशाला का आयोजन ''तनाव प्रबंधन विषय'' पर किया गया था। प्रशिक्षक के रूप में प्रो. निशीथ दुबे, प्राध्यापक, एन.आई.टी.टी.टी.आर. भोपाल सादर आमंत्रित थे। प्रशिक्षण सत्र में प्रो. दुबे ने कार्यालयीन कार्यों में तनाव मुक्त कार्य करने के तरीके, शारीरिक अभ्यास, योग, कार्यालयीन व्यवहार में सुधार, मनोरंजन, सकारात्मक सोच का निर्माण, अन्य सहायक विषय पर चर्चा की जिससे कार्य के दौरान तनाव को कम या समाप्त किया जा सके।





## गणतंत्र दिवस समारोह

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल के परिसर में 72 वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2023 को मनाया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. चंद्र चारू त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया व सुरक्षा गार्ड ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। प्रो. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में वर्ष 2022 के दौरान हुई संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया।

सांस्कृति कार्यक्रम : कार्यक्रम में संस्थान के छात्रों एवं परिसर में निवासरत कर्मचारियों के बच्चों ने बड़े ही उत्साह से नृत्य, संगीत एवं नाटक की प्रस्तुति दी। संस्थान के सभी संकाय सदस्य, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

## जी 20 भविष्य पर पुनर्विचार : परिवहन योजना का मूल्यांकन पर एक विशेष कार्यक्रम

दिनांक 29.03.23 को आयोजित जी 20 भविष्य पर पुनर्विचार : परिवहन योजना का मूल्यांकन पर एक विशेष कार्यक्रम में एम.प्लान (टीपीएलएम) चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों का सेक्टोरल रिसर्च रिव्यू कराया गया एवं एम.प्लान (टीपीएलएम) द्वितीय सेमेस्टर बैच की स्टूडियो समीक्षा की गई। डॉ. प्रसाद, अतिथि संकाय द्वारा ''विद्यालयीन छात्रों की गतिशीलता के विकल्प—कोलकाता का एक मामला'' पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के बाद छात्रों के कार्यों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें थीसिस वर्क और स्टूडियो वर्क के 30 पोस्टर प्रदर्शित किए गए।






## विशेष व्याख्यान : वास्तु के सिद्धांतों को समझना एवं उन्हें वास्तुकला में लागू करना

संस्थान परिसर में दिनांक 23 फरवरी 2023 '' वास्तु के सिद्धांतों को समझना एवं उन्हें वास्तुकला में लागू करना'' विषय पर विशेष व्याख्यान संस्थान के सभी संकाय सदस्य, कर्मचारियों एवं छात्रों के लिए आयोजित किया गया। विशेषज्ञ के रूप में आर्कि. रितेश हरवानी, प्रख्यात वास्तुविद एवं इंटीरियर डिजाइनर, आमंत्रित थे।






## पायथन प्रोग्रामिंग के मूल सिद्धांत पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 20 मार्च 2023 को परिवहन योजना विभाग, द्वारा जी 20 – से संबंधित एक पहल के रूप में, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक ''फंडामेंटल्स ऑफ पायथन प्रोग्रामिंग'' पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान श्री मिधुन मुरुकेश द्वारा दिया गया था, जो पायथन में व्यापक ज्ञान रखने वाले एक प्रोग्रामर हैं। व्याख्यान एम.प्लान (टीपीएलएम) सेमेस्टर– 2 के लिए ''इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम'' (एमपीटीपी 0204) विषय में नामांकित छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था। हालाँकि, एम.प्लान (टीपीएलएम) सेमेस्टर– IV और एम. प्लान (यूआरपी) सेमेस्टर– II सहित विभिन्न अन्य सेमेस्टर के छात्रों ने भी इस शैक्षिक सत्र में भाग लिया। पूरे सत्र में कुल 20 छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## उत्तम आर्किटेक्ट अवार्ड्स, 2023 में प्रथम स्थान

मंगलम सीमेंट्स, उत्तम आर्किटेक्ट अवार्ड्स, 2023 द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 5 छात्रों की एक टीम ने एस.पी.ए. भोपाल का प्रतिनिधित्व किया। टीम ने 32 प्रतिस्पर्धी कॉलेजों के बीच 'प्रथम पुरस्कार' जीता तथा सर्वश्रेष्ठ सामाजिक और लागत प्रभावी डिजाइन के लिए भी एसपीए भोपाल के छात्रों की टीम को चुना गया है।




टीम को प्रथम स्थान में 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया और सर्वश्रेष्ठ सामाजिक और लागत प्रभावी डिजाइन होने के लिए अतिरिक्त 10,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। टीम के सदस्य थे अंश आनंद मिश्रा, उर्जसी बोस, सुभांगी शर्मा, शुभी मित्तल, सान्या मल्होत्रा एवं टीम मेंटर थे आर्कि. सौरभ पोपली, सह प्राध्यापक, एसपीए भोपाल।

## 'फेस्टिवल ऑफ प्लेसेस प्रतियोगिता – 2022' में एसपीए भोपाल के छात्रों का प्रथम स्थान

एसपीए भोपाल के छात्र एम.आर्क अर्बन डिजाइन बैच की साईं अतिका वी. वी. और तेजश्री राडे ने 'मेकिंग सिटीज इनक्लूसिव' थीम पर आधारित 'फेस्टिवल ऑफ प्लेसेस' के चौथे संस्करण में पहला स्थान प्राप्त किया है। इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (IGNCA) और सेंटर फॉर एडवांसमेंट ऑफ ट्रेडिशनल बिल्डिंग टेक्नोलॉजी एंड स्किल्स (CATTS) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सार्वजनिक स्थानों में बच्चों के स्थान की खोज, प्रतियोगिता के इस संस्करण में शहरों और कस्बों में सार्वजनिक स्थानों को संवेदनशील बनाने पर ध्यान दिया गया। बच्चों की जरूरतें, एक अत्यंत कमजोर उपयोगकर्ता समूह। 10–12 मिनट का एक वीडियो बनाने की चुनौती थी, जिसमें बच्चों के इर्द–गिर्द बुनी गई कहानी और किसी भी पैमाने के सार्वजनिक स्थान पर उनका स्थान और बच्चों को और अधिक समावेशी बनाने के लिए विचारों नवोन्मेषी उपायों का सुझाव देना था।

हमारी प्रविष्टि, जो भोपाल की ऊपरी झील के किनारे बच्चों के स्थान को देखती है (वर्धमान पार्क से बोटिंग क्लब तक का खिंचाव), ने 17 दिसंबर 2022 को शीर्ष 5 शॉर्टलिस्ट की गई प्रविष्टियों में पहला स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आईजीएनसीए एम्फीथिएटर में आयोजित किया गया था।

## एसपीए भोपाल में विश्व जल दिवस का आयोजन

दिनांक 22 एवं 23 मार्च 2023 को संस्थान परिसर में विश्व जल दिवस मनाया गया। उक्त आयोजन में छात्रों के मध्य फोटोग्राफी एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी प्रतिभाओं को फोटो एवं पोस्टरों पर उकेरा, विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।











## प्रशिक्षण एवं प्रस्थापना

प्रशिक्षण एवं प्रस्थापना प्रकोष्ठ के  द्वारा दिनांक 27.03.2023 को सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें अंतिम वर्ष के लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित थे, यह विशेष व्याख्यान प्रोफेसर अजय श्रीवास्तव द्वारा लिया गया  व्याख्यान मे प्रोफेसर श्रीवास्तव ने छात्रों को अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की ब्रांडिंग के लिए, स्टार्ट अप्स एवं सॉफ्टवेर इंडस्ट्रीज के कोर एरिया पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए., यह सुझाव निश्चित ही छात्रों के आने वाले साक्षात्कार/जीवन यात्रा  में उन्हें लाभ पहुंचाएंगे।

इस त्रैमासिक में  प्रशिक्षण और प्रस्थापना प्रकोष्ठ के  द्वारा 7 कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिए गए, जिसमें लगभग 200  छात्र/छात्राओं ने भागीदारी ली जिसमें से  18 चयनित हुए।






